

## गुमशुदा की तलाश

** नाम **

**बबलू शाह**

गांव मिनाखेड़ा

जिसने काली टीशर्ट ब्लेक पेंट और सुनहरी कलर के जूते पहने हुए और उसका मानसिक संतुलन सही नहीं है।

जिस किसी को भी दिखे 8982189360, 9575185809 इस नम्बर सूचना देवे।



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 239 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 13 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ



**डॉ. पवन मेहता**

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)

Consultant Intervational Cardiology

परामर्श समय -

प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333




# अतिक्रमण की जद में उद्देश्य..!

## सेल्फी पाइंट क्षतिग्रस्त, कुर्सियों पर व्यापारियों का कब्जा

### नगर पालिका ने किए था 25 लाख से अधिक का खर्चा



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका ने दशपुरकुंज बगीचे के बाहर से अतिक्रमण हटाकर सुंदरता बढ़ाने के लिए 25 लाख रूपए से अधिक खर्च किया। नई बाउंड्रीवॉल बनाई, नाला निर्माण कराया, बगीचे के बाहर बैठक कुर्सियां लगवाई, बाउंड्रीवॉल पर सुंदर पेंटिंग कराई, सेल्फी पाइंट बनाया। उद्देश्य था मंदसौर को सुंदर बनाना और लोगों को दो पल का सुकुन दशपुर कुंज बगीचे के बाहर देना। हालांकि उद्देश्य अब अतिक्रमण की जद में है। सेल्फी पाइंट क्षतिग्रस्त हो गया है तो कुर्सियों पर व्यापारियों का कब्जा हो गया। पेंटिंग ठेलों के बीच छिप गई।

नपाध्यक्ष श्री प्रहलाद बंधवार की हत्या के बाद मंदसौर नगरपालिका में कांग्रेस पार्षद हनीफ शेख को मप्र शासन ने अध्यक्ष बनाया। इस दौरान ऑपरेशन सफाया चलाया। शहर में जगह-जगह अवैध अतिक्रमण, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इसी कार्रवाई में नपा ने बड़े अस्पताल के सामने, दशपुरकुंज बगीचे के बाहर से स्थायी अवैध गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इसका विरोध भी हुआ, लेकिन नपा ने जेसीबी चलाकर सफाई कर दी। अतिक्रमण हटाने के बाद वापस स्थिति ना बने इसके लिए नपा ने इसके जीर्णोद्धार व सौंदर्याकरण की योजना बनाकर बगीचे की नई बाउंड्रीवॉल, नाला निर्माण कराया। इसके बाद बाहर बाउंड्रीवॉल पर सुंदर पेंटिंग कराई, 'आई लव मंदसौर' का सेल्फी पाइंट बनाया। बाउंड्रीवॉल के बाहर जगह-जगह बैठक कुर्सी लगाई जिससे गुमटियां ना लग सकें। नपा की आंखों के सामने यहां गुमटियों की जगह हाथ ठेले वालों ने कब्जा कर लिया। नपा द्वारा सुंदरता पर खर्च किए 25 लाख से अधिक बर्बाद हो गए। लेकिन जिम्मेदारों को अतिक्रमण नहीं दिख रहा।

### दो लाख रुपए से बनाया था आई लव मंदसौर सेल्फी पाइंट...

नपा ने नवीन बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराकर सुंदरता बढ़ाने के लिए आकर्षक पेंटिंग कराई। वर्तमान में यह हाथ ठेलों के पीछे दबकर रह गई। इसी तरह दो लाख की लागत से तैयार आई लव मंदसौर का सेल्फी पाइंट भी बनाया था। लेकिन, अब सेल्फी पाइंट ही क्षतिग्रस्त हो गया है।

### ग्राहको को कुर्सियों पर बैठाकर खिलाया जा रहा...

नपा ने बगीचे के बाहर लोगों के बैठने के लिए सीमेंट-कांक्रीट की कुर्सियां लगवाई थीं। सभी को भजिये, आलूबड़े, पतासे, पराठा सहित अन्य नाश्ता के ठेले लगाने वाले व्यापारियों ने कब्जे में ले लिया। इन पर सामान रखने व ग्राहकों को बैठाकर खिलाने का काम किया जा रहा।

### चार पहिया पार्किंग स्थल भी बना...

कुछ समय पहले अतिक्रमण हटाने के बाद जो कुछ जगह रोड व रोड किनारे बची है। यह पिछले कुछ माह से वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया है। बड़े अस्पताल के बाहर नारियल पानी व अन्य लोगों ने कब्जा कर लिया, बची जगह पर वाहन खड़े हो रहे हैं। यही स्थिति दशपुरकुंज बाउंड्रीवॉल के बाहर भी बनी हुई है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव

## आज से शुरु होगी प्रतियोगिताएं, 15 को वाहन रैली व चल समारोह

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** महेश नवमी महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन माहेश्वरी समाज मंदसौर के तत्वावधान में माहेश्वरी युवा संगठन व माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा किया जा रहा है। महेश नवनी का भव्य आयोजन माहेश्वरी भवन मंदसौर पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 13 जून को महोत्सव का शुभारंभ होगा। 13 जून से 15 जून तक बच्चों, महिलाओं एवं सभी वर्ग के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया हैं। 15 जून को महेश नवमी के दिन प्रात: 9 बजे माहेश्वरी भवन से विशाल वाहन रैली निकलेगी। जो मंदसौर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: माहेश्वरी भवन पर पहुंचेगी। सायंकाल 4.30 बजे श्री चारभुजानाथ मंदिर बड़ाचोक से भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा एवं समाज का चल समारोह निकलेगा। जो धानमंडी, कालीदास मार्ग, घण्टाघर, बस स्टेण्ड, बड़े बालाजी मंदिर, नीलम होटल कालाखेत, नयापुरा रोड़ होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंचेगा। यहां सायंकाल 7 बजे भगवान महेश की महाआरती एवं समाज का स्नेहभोज का आयोजन होगा। यह जानकारी माहेश्वरी समाज अध्यक्ष महेश बंकट सोमानी, सचिव गोपालदास पसारी, युवा संगठन अध्यक्ष अजय लड्ढा, सचिव कुलदीप सोमानी, माहेश्वरी महिला मण्डल



अध्यक्ष मंजू जाखेटिया, सचिव राखी मण्डोवरा ने दी। उन्होंने सभी समाजजनों से तीन दिवसीय सभी कार्यक्रमो में भाग लेने की अपील की है।



## नई आबादी पुलिस ने 5 क्विंटल से ज्यादा कंट्रोल का चावल पकड़ा

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** कंट्रोल के राशन की हेराफेरी और बाजार में बेचने से कई दुकान संचालक बाज नहीं आ रहे। अभी तक ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। बुधवार को एक और मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई की है। नई आबादी पुलिस ने लगभग साढ़े पांच क्विंटल चावल से भरी पिकअप पकड़ी है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर सीतामऊ ब्रिज पर दबीश दी गई। इस दौरान पिकअप एमपी 14 जीबी 0963 को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें अलसी, मैथी व मिट्टी के कट्टो के साथ रखे चावल के 11 कट्टे पाये गये। चावल का कुल वजन 5.49 क्विंटल होना पाया गया। पुलिस ने पिकअप चालक मदन पिता बद्रीलाल सेन उम्र 52 साल निवासी गोवर्धनपुरा थाना सुवासरा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## घर के सामने खड़े युवक को पीटा, 4 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** घर के सामने खड़े युवक को पीटा, पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। धाकड़ी निवासी कन्हैयालाल नायक ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में घर के सामने खड़ा था, इसी दौरान महेन्द्रसिंह शक्तावत आया और बोला कि जिस रास्ते पर तू खड़ा है वह मेरा है, महेन्द्र के साथ ही नरेन्द्रसिंह शक्तावत, जितेन्द्रसिंह शक्तावत व बबलूसिंह शक्तावत भी आए गए, गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी मां मंगूबाई व भानेज पायल के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## छुरे सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** छुरे से आमजन को भयभीत कर रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने छुरा लेकर आमजन को भयभीत करने वाले कंथारिया रोड़ निवासी रामप्रसाद पिता पूनमचंद भील को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

# जहरीली शराब कांड के एक आरोपी को दबोचा

### इंदौर स्थित घर से पकड़ा, दस हजार का था ईनाम

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी अवैध एवं जहरीली शराब कांड में शामिल ईनामी आरोपी को पुलिस ने इंदौर स्थित उसके घर से दबोचा है। आरोपी पर पुलिस ने दस हजार का ईनाम घोषित किया था।

बता दें कि जुलाई 2021 में पिपलिया मंडी में जहरीला शराब पीने से करीब 06 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार जहरीली शराब कांड में फरार आरोपी हंसराज पिता जागेश्वर प्रसाद यादव उम्र 56 साल निवासी 291 ब्लाक ए दिव्य रॉक आयरलैंड पंचडेरिया रोड सांवेर जिला इंदौर को गिरफ्तार किया है।शराब कांड के बाद से ही आरोपी फरार था। जिस पर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। जिले में फरार अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में आरोपी पिपलियामंडी पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

**किराना दुकान से खरीदी थी जहरीली शराब**–पुलिस के अनुसार हंसराज यादव ने खखराई गांव में किराना दुकान चलाने वाले महिपाल सिंह उर्फ नेपाल सिंह पिता गोपाल सिंह, पिंटू सिंह पिता महिपाल सिंह, गजेंद्र सिंह पिता महिपाल सिंह को सप्लाई की थी। इनकी दुकान से घनश्याम बावरी. श्यामलाल मेघवाल, रामप्रसाद गायरी, मनोहर बागरी व तिलक सिंह जाटव ने शराब ली थी। जिसके सेवन से सभी की मौत हो गई थी। मामले में पिपलिया मंडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के बाद से आरोपी फरार था।

# धड़ल्ले से हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फिर जारी किया नोटिफिकेशन, 1 जुलाई से पुनः शुरु होगी कार्यवाही

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में एक बार फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 के माध्यम से प्लास्टिक एवं थर्मोकोल से बने सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुएं भी तय की गई हैं। इन पर 1 जुलाई से प्रतिबंध लगाया जा रहा है।



बता दें कि वर्ष 2019 में भी सिंगल यूज पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद शहर में रोज एक से डेढ़ क्विंटल पॉलीथिन की खपत हो रही है। शहर में सब्जी और फल की दुकानें पॉलीथिन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। सब्जी मंडी के अलावा ठेलों पर सब्जी-फल बेचने वाले भी पॉलीथिन का उपयोग करते हैं। पिछले कुछ समय से नपा ने शहर में पॉलीथिन को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की है। इधर, अधिकारियों का कहना है कि समय- समय पर कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में चुनावी प्रक्रिया होने के चलते कार्रवाई लेट हो रही है।

उल्लेखनीय है कि शहर में सामाजिक संस्थाओं व संगठनों द्वारा पॉलिथीन पर प्रतिबंध व कपड़ा या कागज की थैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ अभियान चलाए। लोगों में इसका कोई खास असर नहीं दिखा। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करने के समय ही दुकानदार सतर्क रहते हैं। इसके बाद वे भी खुलेआम पॉलीथीन का ही उपयोग करते हैं। नगर पालिका भी कार्रवाई के नाम पर दो चार दिन औपचारिकता निभाती है।

### यहां होता है सिंगल यूज प्लास्टिक का ज्यादा उपयोग...

एक अनुमान के मुताबिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग सब्जी मंडी में प्रतिदिन 40 किलो, फल व सब्जी के ठेलों पर 30 किलो, फुटकर सब्जी विक्रेता 25 किलो पॉलीथिन का उपयोग करते हैं। इसी तरह किराना दुकानों पर 30 किलो, कपड़ा दुकानों पर 20 किलो पॉलीथिन का उपयोग होता है।

# गरमी से मामूली राहत, छाए रहे बादल

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में प्री मानसून की एक्टिविटी लगातार दिखाई दे रही है। मंगलवार को मंदसौर शहर सहित जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से आंधी, बारिश का दौर है। जिले में बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई गई थी। दिनभर बादल छाए रहे। जिसके कारण गर्मी का असर मामूली कम रहा। हालांकि उमस बरकरार थी। जिले में अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार जिले में 20 जून के आसपास मानसून की एंट्री होगी। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्री-मानसून एक्टिविटी है। बुधवार को मानसून महाराष्ट्र के कई हिस्सों में रहा। अब बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की ब्रांच थोड़ी कमजोर हो गई है। ऐसे में प्रदेश में मानसून एक-दो दिन देर से आएगा। मध्यप्रदेश में मानसून 18 जून के आसपास एंट्री करेगा। इसके एक सप्ताह में यह पूरे प्रदेश में छा जाएगा।

# प्रधान आरक्षक ने बचाई युवक की जान

### दूसरी मंजिल पर चढ़, शीशा तोड़कर निकाला बाहर

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा में एक घायल युवक कमरे में फंस गया। वह दरवाजा भी नहीं खोल पा रहा था। यह सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंचे प्रआ यादवेंद्र सिंह ने दूसरी मंजिल पर चढ़ खिड़की के शीशे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद युवक को बाहर निकाला गया। इस दौरान खिड़की का कांच फोड़ने पर प्रधान आरक्षक के हाथ में भी चोट लग गई। जिसका उपचार कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त मे सूचना प्राप्त हुई की दलौदा में नानालाल धाकड़ निवासी माउखेडी के मकान मे किराए से रहने वाले विष्णु जाट पिता नारायणलाल जाट उम्र 21 साल निवासी सुरजो का वास राजस्थान हा.मु. सीतामऊरोड दलौदा किसी कारण से घायल होने के कारण



दरवाजा नही खोल पा रहा था। दलौदा मे रात्रि गश्त मे तैनात अधिकारी कर्मचारी द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सउनि अजय चौहान, प्रआर यादवेंद्र सिंह, आर. सुनिल कुमावत, सैनिक भगवान सिंह मौके पर पहुचे तो घर का दरवाजा अंदर से लगा हुआ था। लेकिन नीचे खिडकी से अंदर देखते घायल विष्णु के हाथ मे चोट लगी होकर अत्यधिक रक्त प्रवाह हो रहा था जिस कारण कमरे में खून ही खून हो गया था।

दरवाजा नही खोल पाने के कारण प्रआर यादवेंद्र सिंह घर की दूसरी मंजिल पर चढकर गए। जहां उनके द्वारा कांच तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया गया। कमरे मे घायल विष्णु जाट को कमरे से बाहर निकाला गया। बाद घायल को तत्काल अस्पताल ले जाकर उसका उपचार कराया गया। इस कार्यवाही मे शीशा तोड़ने के दौरान प्रआर यादवेंद्र सिंह के स्वयं के हाथो मे भी चोट आई है। जिनका प्राथमिक उपचार अस्पताल मे कराया गया।

# हरे-भरे पेड़ो की अंधाधुन कटाई जारी


## पर्यावरण संकट में, वन विभाग उदासीन, लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो भयंकर गरमी के प्रकोप को झेल रहे आमजन जहां त्राहिमाम कर रहे है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ पौधों की हो रही अंधाधुंध कटाई के कारण जंगल के वन प्राणियों की संख्या घटती जा रही है। एक समय क्षेत्र के जंगलो में बड़ी संख्या में वन्य प्राणी थे। जिनकी संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण वन विभाग की उदासीनता है।

नाहरगढ़ प्रखंड में अवस्थित पेड़-पौधों की कटाई से कई जगह जंगल में केवल झाड़िया बची हुई हैं। कुछ साल पहले तक नाहरगढ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में कई प्रजाति के वृक्ष मौजूद थे। लेकिन, आज जंगल सहित नदी, नाले, ओर खेतो की मेड सहित अन्य जगहों पर लगे पेड़ो को काटकर लकड़ियों की तस्करी की जा रही है। कई जगह तो वृक्ष दिखाई ही नहीं दे रहें हैं। इससे पर्यावरण संकट भी बढ़ रहा है। अवैध लकड़ी कारोबार नाहरगढ़, बिल्लोद सड़क मार्ग, खजूरी रोड़ बावड़ी के पीछे आदि सहित नाहरगढ़ एवं आसपास के गांवो में धड़ल्ले से चल रहा है। क्षेत्र में अवैध रूप से कटी हुई लकड़ियों का स्टॉक देखा जा सकता है। वही सड़क पर ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से बेखोफ लकड़ियो का परिवहन रात- दिन किया जा रहा है। हरे भरे वृक्षों की लकड़ियों को कटवा कर चोरी छिपे सप्लाई की जा रही है।

क्षेत्र में ऐसे वृक्ष मौजूद हैं, जिनकी लकड़ियां काफी कीमती हैं। लेकिन, लकड़ी तस्करों की नजर इन पेड़ो की लकड़ियों पर ही टिकी हैं। ऐसा नहीं कि तस्कर इस काम को अकेले अंजाम देते हैं। इस कार्य में स्थानीय लोग भी तस्करों का सहयोग करते हैं। पैसों की लालच में लकड़ियों की कटाई के बाद उसे सुरक्षित रखने से लेकर उसके सप्लाई तक करवाने में स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहें हैं। जिसका परिणाम है कि वन विभाग या पुलिस प्रशासन इन तस्करों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पा रहे है। स्थानीय लोग किसी प्रकार की कोई सूचना प्रशासन को नहीं देते हैं। स्थानीय लोग तस्करों के सहयोग करने के साथ-साथ अपने घर में उपयोग के लिए भी जंगल की लकड़ियों का ही उपयोग करते हैं।



वन विभाग के उच्च अधिकारियो को इस ओर तुरंत ध्यान देकर अवैध लकडी माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना चाहिए। जिससे कि हरे-भरे पेड़ पौधों को बचाया जा सके।

